धर्म | शहर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण का शुभारंभ

भूमिपूजन व निशान यात्रा में उमड़े शहरवासी

नवभारत, बालाघाट। शहर में बुधवार को भगवान श्री खाटू श्याम के प्रति श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। 14 जनवरी को शहर में श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भटेरा रोड स्थित श्री श्याम धाम परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि श्याम मित्र मंडल एवं श्याम महिला मित्र मंडल बीते लगभग 36 महीनों से नियमित मासिक कीर्तन का आयोजन कर रहा है। श्याम भक्त सुरेश सोनी ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में मंदिर निर्माण हेतु भूमि दान कर इस पावन कार्य को गति प्रदान की। इसी दान की गई भूमि पर 14 जनवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ भूमिपूजन किया गया।

मकर संक्रांति की सुबह नया श्रीराम मंदिर परिसर से भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कीर्तन स्थल पहुंची, जहां भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्री श्याम धाम परिसर में मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया।

श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में सराबोर कर दिया

शाम को बंगाली दुर्गा उत्सव मैदान में भव्य श्री श्याम कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कीर्तनकारों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में सराबोर कर दिया। देर रात तक चले कीर्तन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भाग लेकर भक्ति और आनंद का अनुभव किया।

दक्षिण उकवा में बच्चों के लिए अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत, बैहर। 13 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश वन विभाग, म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड, मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ एवं कैम्पा के संयुक्त तत्वावधान में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा (सा.) अंतर्गत दक्षिण उकवा की किस नदी क्षेत्र में 'अनुभूति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना तथा वनों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को निर्धारित स्थल पर लाकर स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात उन्हें ट्रेल भ्रमण पर ले जाया गया, जहां बच्चों को पक्षी दर्शन, औषधीय पौधों की जानकारी, वानिकी कार्यों तथा वनों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। मानव-वन्यप्राणी संघर्ष के विषय को रोचक बनाने के लिए भालू से संबंधित खेल के माध्यम से बच्चों को समझाया गया, जो उनके लिए ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक अनुभव रहा।

भ्रमण के उपरांत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन पश्चात बच्चों की रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में श्री अशोक मंडलेकर (जिला अध्यक्ष, लघु वनोपज संघ, बालाघाट) उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती मालती उइके (सरपंच ग्राम पंचायत बिठली), श्री कमल सिंह धुर्वे (सरपंच ग्राम पंचायत सोनगुड्डा), श्री प्रतापसिंह उइके (अध्यक्ष, ग्राम वन समिति सुंदरवाही) तथा श्री मेहतलाल इनवाती (अध्यक्ष, ग्राम वन समिति दूल्हापुर) भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन हेतु मास्टर ट्रेनर श्री चार्ल्स सर का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम की सफलता में उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सा.) श्री तरुण कुमार डहेरिया, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा (सा.) श्री आशुतोष सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सा.) सुश्री प्रियंका मरकाम सहित सभी परिक्षेत्र सहायकों, वन चौकी प्रभारियों, वनरक्षकों तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आम आदमी पार्टी का 'मप्र जोड़ो अभियान' आज

नवभारत, बालाघाट। आम आदमी पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के अंतर्गत 15 जनवरी 2026, गुरुवार को बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के लालबर्रा ब्लॉक मुख्यालय स्थित कृष्णा लॉन में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश प्रभारी जीतेंद्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार प्रदेशभर में गठित 54 कोर कमेटी सदस्यों की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश कोर कमेटी सदस्य इन्द्र विक्रम सिंह करेंगे। यह आयोजन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में किसानों की धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग, किसानों के हक एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दे, सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, पंचायतों के अधिकारों में कटौती सहित अन्य स्थानीय जनसमस्याओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही सरकार का ध्यान इन ज्वलंत विषयों की ओर आकर्षित करने एवं पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संगठन को ग्राम स्तर तक विस्तार देने को लेकर भी गहन चर्चा प्रस्तावित है। आम आदमी पार्टी जिला बालाघाट ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पूर्व पदाधिकारियों एवं समर्थकों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है। साथ ही किसानों, युवाओं एवं बेरोजगारों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

बिलासपुर, जालंधर और बैंगलुरू ने मैच जीते

नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट

नवभारत, बालाघाट। 51 वीं नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट 11 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। टूर्नामेंट के चौथे दिन 14 जनवरी बुधवार को 3 मैच खेला गया। इसमें पहले मैच में एससीआर बिलासपुर ने आर्मी इलेवन दिल्ली को पराजित किया। वहीं दूसरे मैच में बीएसएफ जालंधर ने हॉकी गंगपुर उड़ीसा को व आरडबल्यूएफ बैंगलुरू ने एससी रेल्वे सिकन्द्राबाद को पराजित कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। स्थानीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद एस्टोटर्फ मैदान में नेहरू स्पोंटिंग क्लब व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट का क्वाटर फाइलन मैच 15 जनवरी गुरूवार को खेला जाएगा। मैच सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। ऑल इण्डिया टूर्नामेंट में मैच देखने दर्शकों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है और आयोजन समिति द्वारा बैठक की भी उचित व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर मैच का आनंद उठाने की अपील की है। बता दें कि बुधवार को पहला मैच 12 बजे से मैच आर्मी इलेवन दिल्ली व एससी रेल्वे बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमें सडन डेथ गोल में बिलासपुर की टीम ने दिल्ली को पराजित कर क्वाटर फाइनल में जगह बनाई। ये मैच काफी रोमांचक रहा और दोनों ही टीम ने काफी तेज हॉकी का खेल दिखाया। निर्धारित समय तक दोनों टोनों टीमें 3-3 गोल से बराबरी पर रही। जिससे हार-जीत का निर्णय पैनाल्टी शूट आउट से किया गया। इसमें भी दोनों ही टीम पांच-पांच अवसर में बराबरी पर रही। इसके बाद सडन डेथ गोल में बिलासपुर की टीम विजयी हुई। वहीं दूसरा मैच बीएसएफ जालंधर व हॉकी गंगपुर के मध्य खेला गया। इसमें जालंधर की टीम ने शुरू से ही तेज खेलते हुये 3-1 गोल से जीत प्राप्त किया।

नदियों और झरने किनारे रही मेले जैसी रौनक

किरनापुर में मकर संक्रांति की धूम, पारंपरिक पकवानों की खुशबू और डीजे की धुन पर थिरके युवा

नवभारत, किरनापुर 14 जनवरी। तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सूर्य के उत्तरायण होने के इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिरों और जलाशयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धा, परंपरा और आधुनिकता के संगम ने इस बार के त्योहार को बेहद खास बना दिया।

किरनापुर के घरों में सुबह से ही पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू महकती रही। तिल के लड्डू, गजक और विशेष रूप से उड़द दाल की खिचड़ी का आनंद लिया गया। क्षेत्रीय परंपरा के अनुसार, लोगों ने एक-दूसरे को तिल-गुड़ खिलाकर मीठा बोलने का संदेश दिया और बड़ों का आशीर्वाद लिया।

छतों पर जमा रंग, गूंजें काइपो छे के स्वर

जैसे-जैसे दिन चढ़ा, तहसील की छतों पर पतंगबाजी का रोमांच शुरू हो गया। नीले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें अठखेलियाँ करती नजर आईं। इस दौरान युवाओं की टोलियों ने छतों पर बड़े-बड़े साउंड सिस्टम और डीजे लगा रखे थे। बॉलीवुड और स्थानीय गीतों की धुन पर युवा जमकर थिरकते नजर आए।पतंग काटने पर होने वाले शोर और काट दिया, से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

बाजारों में रही चहल-पहल

त्यौहार को लेकर एक दिन पूर्व स्थानीय बाजारों में भी खासी रौनक रही। तिल, गुड़, पतंग की दुकानों पर देर शाम तक खरीदारों की भीड़ लगी रही। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किरनापुर के आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न पर्यटन स्थल, नदी, झरने के किनारे मेले जैसा माहौल रहा।

सूदखोरी के मकड़जाल में फंस युवक ने किया था सुसाइड

मर्ग जांच में खुलासा : आरोपिया गिरफ्तार, गई जेल, एक फरार

नवभारत, जबलपुर। कैंट थाना अंतर्गत मोदीवाडा सदर निवासी एक युवक ने 11 दिसम्बर 25 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि मृतक सूदखोरी के मकड़जाल में फंस गया था। प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में एक आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया जबकि दूसरा आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। टीआई पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि 11 दिसम्बर 25 को मोदीबाडा सदर निवासी विकास पासी 32 वर्ष ने घर के कमरे में पंखा लगाने वाली सीलिंग में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि मृतक ने कृष्ण कुमार पासी उर्फ सोनू एवं पिंकी टंडन से लाखों रूपए उधार लिए थे जिसके एवज में उसने कई गुना राशि चुका दी थी लेकिन उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपिया पिंकी टंडन पिता धनीराम टंडन 36 वर्ष निवासी गली नम्बर 10 कुरील मोहल्ला सदर को विधिवत गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया प्रकरण के अन्य आरोपी कृष्ण कुमार पासी उर्फ सोनू की तलाश जारी है।

7.90 लाख के बदले दिए 12 लाख

जांच में खुलासा हुआ कि लगभग 5 साल पहले मृतक ने कृष्ण कुमार पासी से 7 लाख 90 हजार रूपये लिये थे, जिसे ब्याज सहित 12 लाख रूपये चुका दिये है, इसके बाद भी कृष्णकुमार पासी उसकी झूठी शिकायत कर उसे परेशान कर रहा है।

चार के बदले वसूले आठ लाख

इसी प्रकार पिंकी टंडन से भी मृतक ने 4 लाख रूपये उधार लिये थे जिसके 8 लाख रूपये चुका दिये है फिर भी पिंकी उससे एवं उसकी मॉ से हरमाह वसूली कर रही थी।

केश शिल्पी सेन नाई समाज के जिला स्तरीय बैठक आयोजित

रवि रविपुरकर सेन समाज के जिला अध्यक्ष बने

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिला केश शिल्पी सेन नाई समाज के जिला स्तरीय बैठक में पुराने कार्यकाल के समाप्त होते ही नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें कड़ी मेहनत से लगभग 10, वर्षों से समाज हितार्थ कार्य करने वाले रवि नागपुरकर को सर्व सम्मति से बालाघाट का जिला अध्यक्ष बनाया गया जहां आए हुए सामाजिक बंधुओं ने पुष्प हार पहनाकर, बधाई दिया गया।

बालाघाट में संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज जिला बालाघाट में जिला कार्यकारिणी की बैठक में समस्त सामाजिक बंधुओं के बीच समाज हितार्थ में पहले से बेहतर कार्य करने वाले, रवि नागपुरकर को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपा गया संगठन में संरक्षक मंडल की बैठक में वही युवा समाज के भविष्य होते हैं,, जिसके आधार पर समाज में नवाचार विचार धाराओं वाले एवं लगातार अपनी अलग पहचान रखने वाले समाज के युवा साथी वीरेंद्र श्रीवास को युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाया गया वही नगर अध्यक्ष के लिए, महेश मानेश्वर को चुना गया साथ ही महिला मोर्चा के गठन पर चर्चा कर समाज में महिलाओं को हमेशा एकत्रित करने वाली, महिला, दामिनी गोंडाने को महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाया गया।

संगठन के संरक्षक, अमित श्रीवास ने बताया कि संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज द्वारा समस्त सेन नाई समाज को संगठित कर लगातार 11 वर्षों से समाज हितार्थ कार्य कर रहा है जिसके तारतम्य में आज जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर को समाज के उत्थान के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है साथ ही तीन और जिम्मेदारी अलग अलग सामाजिक कार्यकर्ताओं को दिया गया। जिसमें युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास को बनाया गया वहीं नगर मुख्यालय की बड़ी जिम्मेदारी जिसमें समस्त सेलून दुकारदार, पार्लर, सामाजिक बंधुओं को एकत्रित करने के लिए, महेश मानेश्वर को दिया गया।

तीसरी बड़ी जिम्मेदारी दामिनी गोंडाने को दिया गया जो सेन नाई समाज के समस्त महिला मोर्चा मात्र शक्ति को सामाजिक दृष्टि से संजोकर समाज हितार्थ कार्य करने के लिए अग्रसर रहे।

सुनवाई | याचिका के पहले आदेशों पर नहीं रोक

देवी तालाब मामले में एनजीटी का सख्त रुख, कार्रवाई पर रोक से इनकार

नवभारत, बालाघाट। नगर के हृदयतल में स्थित शासकीय देवी तालाब को अतिक्रमणमुक्त कर उसके मूल स्वरूप में स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में बालाघाट नगर के जागरूक नागरिक द्वारका नाथ चौधरी और प्रदीप परांजपे की ओर से एनजीटी भोपाल में दायर की गई याचिका की दिनांक 12/01/2026 को सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान याचिका में हस्तक्षेपकर्ताओं के अधिवक्ता रविकांत पाटीदार की ओर से एनजीटी के मूल याचिका को ख़ारिज करने की मांग की गई जिसे एनजीटी द्वारा नकार दिया गया और कहा गया कि यह याचिका पर्यावरण से सम्बंधित है इसलिए याचिका की सुनवाई और आवश्यक आदेश भी पारित किये जायेंगे।

याचिका में सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से एनजीटी के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा गया कि- देवी तालाब जिसका रकबा 16.14 एकड़ है, वह निजी संपत्ति है। जिसका निर्णय पूर्व में सिविल न्यायालय, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय से हो चूका है। एनजीटी में वर्ष 2015 को किशोर समरीते द्वारा प्रस्तुत याचिका में भी हो चूका है और इस याचिका के याचिकर्ताओं द्वारा इस सम्बन्ध में उच्च न्यायालय जबलपुर में एक जनहित याचिका दायर कर रखी है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए याचिका को ख़ारिज करने की मांग की गई। जिसे एनजीटी के द्वारा याचिका में पर्यावरण का मुद्दा होने से ख़ारिज करने से मना कर दिया गया।

उन्होंने एनजीटी को बताया कि- बालाघाट तहसील के राजस्व अधिकारियों ने पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या करते हुए 3 डिसमिल के स्थान पर 16.14 एकड़ भूमि निजी हक़ में दर्ज कर दी थी। जिसकी जांच एक शिकायत में तत्कालीन तहसीलदार बालाघाट रामबाबू देवांगन के द्वारा वर्ष 2020 में की गई थी। अपने जांच प्रतिव्दन में उन्होंने बताया था कि शिकायत में दर्शित भूमि खसरा नंबर 319 के वर्तमान में 123 बतांकन है, जो देवी तालाब के नाम से जाना जाता है, जो कि मध्यप्रदेश सरकार के नाम से वर्ष 1985 तक दर्ज थी। उसके पश्चात् माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय और डिक्री की प्रथमदृष्टया त्रुटिपूर्ण विवेचना कर तहसीलदार बालाघाट द्वारा 3 डिसमिल भूमि के स्थान पर सम्पूर्ण 16.14 एकड़ भूमि का नामांतरण कर दिया। जिसकी अपील भी की गई, किन्तु अपीलीय आदेश दिनांक 26/05/1986 के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। जिससे शिकायत में दर्शित भूमि खसरा नंबर 319 जो पूर्व मालगुजार के वारिसो के नाम दर्ज हो गई उससे उनके द्वारा अन्य व्यक्तियों को विक्रय कर दिया गया है और उसके पश्चात् उक्त भूमिस्वामियों द्वारा प्लाटिंग कर विक्रय किया, जो वर्तमान 123 भूमिस्वामियों के नाम से दर्ज है। शिकायत में दर्शित भूमि में खसरा नंबर 319 रकबा 16.14 एकड़ मध्यप्रदेश शासन शासकीय तालाब (देवी तालाब) मद की रही है और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की त्रुटिपूर्ण विवेचना के कारण हुए नामांतरण से किसी भी पक्षकार को शासकीय भूमि पर किसी प्रकार स्वत्व प्राप्त नहीं होता है।

राजस्व अभिलेखों की त्रुटी सुधार के लिए हाईकोर्ट में याचिका

याचिका की दिनांक 12/01/2026 को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता धरमवीर शर्मा राज्य से बाहर होने के कारण भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो सके, तो उन्होंने एनजीटी से अनुमति ली और द्वारका नाथ चौधरी ने याचिका में पैरवी की। जिसमे उन्होंने एनजीटी को बताया कि- देवी तालाब में दो मुद्दे है, पहला पर्यावरण की सुरक्षा और दूसरा राजस्व अभिलेखों में त्रुटी सुधार है। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की है और राजस्व अभिलेखों की त्रुटी सुधार के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर में जनहित याचिका दायर की है।

सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया

सच्चा सेवक वही होता है जो अपने व्यवहार और कर्मों से दूसरों के लिए प्रेरणा बने : गौरव सिंह पारधी



नवभारत, खैरलांजी । परमात्मा एक सेवा मंडल के तत्वावधान में ग्राम मोवाड मे परमात्मा भवन के प्रांगण में मानव धर्म के सामूहिक हवन कार्य और भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस जनजागृति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच वर्षा होलु कालकर, मोतीलाल माहुले, नारायण सेलोकर, महेंद्र सेलोकर, मुन्ना मुरे, महेंद्र माहुले, योगेश पाचे, प्रकाश सादेपाच, दिनेश सैलोकर, आकाश सैलोकर, सुनिल मते, होलु कालकर, संजय माहुले, रोहित माहुले, विनोद सेन्डे, बालु सेन्डे, चेतन मते, तुलसीराम मते, नरेंद्र मते ग्राम मोवाड के समस्त सेवक-सेविका और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने उद्बोधन में सभी सेवकों और मार्गदर्शकों को धन्यवाद देते उन्होंने सेवकों से आह्वान किया कि सेवा कार्य में समर्पण और सदाचार का भाव होना चाहिए। सच्चा सेवक वही होता है जो अपने व्यवहार और कर्मों से दूसरों के लिए प्रेरणा बने। यदि हम किसी के साथ गलत व्यवहार करेंगे तो अच्छे सेवक नहीं कहलाएंगे। इसलिए हमें अपने आचरण में सकारात्मक बदलाव लाकर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

इस जनजागृति कार्यक्रम के आयोजन में परमात्मा एक सेवा मंडल के सभी सेवक-सेविकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणजन और सेवकों के उत्साह और समर्पण ने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान हवन के माध्यम से समाज में शांति, सद्भाव और सेवा भावना के प्रसार का संदेश दिया गया।